an>

Title: Need to propagate the use of traditional methods of treatment like Ayurved, Homeopathy and Unani for contagious diseases such as Swine Flu.

श्री अनिल शिरोले **(पुणे):** माननीय अध्यक्ष जी, देश में विगत दो महीने से स्वाइप फ्लू के कारण 1200 से अधिक मृत्यु हुई हैं और हजारों लोग बीमार हुए हैं। कई राज्यों में टैमी फ्लू की गोलियां भी कम हो रही हैं। मौसम बदलाव के कारण स्वाइन फ्लू बढ़ रहा है। इस परिस्थिति में क्या सरकार ने देश भर में एलौपेथी उपचार के अलावा पारंपारिक उपचार पद्धति जैसे आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी में उपलब्ध चिकित्सा के इलाजों के उपयोग का प्रयास किया है? इसके लिए सरकार द्वारा जन जागृति तथा प्रसार माध्यमों से कितना प्रयास किया गया है? आयुर्वेद चिकित्सा में स्वाइन फ्लू, डेंगु, चिकनगुनिया, बर्ड फ्लू आदि संक्रमण से होने वाले रोगों का सटीक, सस्ता और लाभदायक इलाज गरीबों के लिए उपलब्ध है। सरकार ने इसके उपयोग और प्रचार के लिए क्या कदम उठाए हैं?

माननीय अध्यक्ष **:** मैं माननीय सदस्यों को फिर बताना चाहती हूं कि आप स्टेट्स के मैटर यहां उठाते हैं, यह अलाउड नहीं है।